समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# BCCI के इस कदम पर हर भारतीय को होगा गर्व, IPL फाइनल मे शामिल होंगे ऑपरेशन सिंदूर के हीरो।

Publisher

Published on 27 May 2025




## IPL 2025 के समापन समारोह मे बीसीसीआई ने सेना के नायकों को सम्मानित करने का फैसला लिया, ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को भेजा गया है खास निमंत्रण।

**अहमदाबाद :** देशभक्ति और खेल का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा **IPL 2025** के फाइनल मुकाबले में, जब **नरेंद्र मोदी स्टेडियम** में **ऑपरेशन सिंदूर के वीर योद्धा** मौजूद रहेंगे। **बीसीसीआई (BCCI)** ने इस साल के फाइनल को विशेष बनाने के लिए एक सराहनीय पहल की है। आईपीएल के समापन समारोह को भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित किया गया है।

**आईपीएल 2025** का फाइनल 3 जून को **अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम** में खेला जाएगा। बीसीसीआई के **सचिव देवजीत सैकिया** ने इस पहल की जानकारी देते हुए बताया कि **ऑपरेशन सिंदूर** में शामिल बहादुर सैनिकों और अधिकारियों को फाइनल के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान देश के नायकों को समर्पित है, जिनकी वीरता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

"हमने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए सभी भारतीय सशस्त्र बलों के प्रमुखों, शीर्ष अधिकारियों और सैनिकों को आमंत्रित किया है," – **देवजीत सैकिया, सचिव, बीसीसीआई**

उन्होंने आगे कहा, "बीसीसीआई देश की सुरक्षा में लगे हर जवान की निस्वार्थ सेवा और बहादुरी को सलाम करता है। क्रिकेट भले

ही राष्ट्रीय जुनून है, लेकिन हमारी संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा सर्वोपरि है।"

**क्या है ऑपरेशन सिंदूर ?**

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। इसके बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की थी, जो आतंकवाद के खिलाफ एक निर्णायक सैन्य अभियान था। इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना की बहादुरी ने दुनिया का ध्यान खींचा। पाकिस्तान के संघर्ष विराम अनुरोध के बाद भारत ने अस्थायी रूप से अभियान को विराम दिया था।

अब **बीसीसीआई** द्वारा इन वीरों को आमंत्रित कर न सिर्फ उन्हें राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया जाएगा, बल्कि देश के नागरिकों को भी उनके प्रति सम्मान और गर्व की भावना से जोड़ा जाएगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.